राजस्थान सरकार

आयुक्तालय, कालेज शिक्षा, जयपुर

Block-4, RKS Sankul, JLN Road, Jaipur- 302015, Rajasthan
Website: http://hte.rajasthan.gov.in/ e-mail: innovation.cceraj@gmail.com Phone: 0141-2706847 (O);

पत्रांकः CCE/P&C/ISDC/2019/..... ..... 529 दिनांकः 11 जनवरी 2019

प्राचार्य
समस्त राजकीय महाविद्यालय,
राजस्थान

विषयः विवेकानन्द जयन्ती के अवसर पर दिनांक 12 जनवरी 2019 को प्रतियोगी परीक्षाओं में विद्यार्थियों को मार्गदर्शन एवं सहायतार्थ प्रारम्भ की जा रही कोचिंग क्लासेस 'प्रतियोगिता दक्षता' के उद्घाटन कार्यक्रम बाबत्।

पत्रांक CCE/P&C/ISDC/2019/528; दिनांक 10 जनवरी 2019 को इस संबंध में जारी आदेश की निरन्तरता में सभी राजकीय महाविद्यालयों को सूचित किया जात है कि कल दिनांक 12 जनवरी 2019 को भिाग द्वारा प्रतियोगी परीक्षाओं में विद्यार्थियों को मार्गदर्शन एवं सहायतार्थ प्रारम्भ की जा रही कोचिंग क्लासेस '**प्रतियोगिता दक्षता** का शुभारम्भ किया जा रहा है। इस सुअवसर पर प्रातः 11.00 बजे **माननीय मंत्री, उच्च शिक्षा, राजस्थान सरकार श्री भंवर सिंह जी भाटी** उद्घाटन करेंगे, एवं **श्रीमान सचिव, उच्च एवं तकनीकि शिक्षा, राजस्थान श्री वैभव गालरिया** भी विद्यार्थियों को संबोधित करेंगे। इस कार्यक्रम का ई–कक्षा/ऑन–लाइन व्यवस्था के माध्यम से लाइव प्रसारण महाविद्यालयों में दिखाया जाना है।

अतः सभी प्राचार्य अपने महाविद्यालय में विद्यार्थियों के लिये इस कार्यक्रम के लाइव प्रसारण की सुविधा सुनिश्चित करवायें। उद्घाटन कार्यक्रम के इस लाइव प्रसारण हेतु अधिकाधिक विद्यार्थियों एवं संकाय सदस्यों को उपस्थित रहने के लिये सूचित करें।

सभी क्षेत्रीय सहायक निदेशक अपने क्षेत्राधिकार के महाविद्यालयों में इस कार्यक्रम के लाइव प्रसारण की व्यवस्था एवं मॉनिटरिंग सुनिश्चित करें।

11/1/2019
प्रदीप कुमार बोरड़, IAS
आयुक्त

प्रतिलिपि सूचनार्थ :

पत्रांकः CCE/P&C/ISDC/2019/529 दिनांकः ------ 11 जनवरी 2019

1. निजी सचिव, आयुक्त, कालेज शिक्षा, राजस्थान, जपयुर।
2. संयुक्त निदेशक, HRD/Admn/Pl./ P&C/आकाशि, जयपुर।
3. संयुक्त निदेशक IT, आकाशि एवं प्राचार्य, संगीत संस्थान, जयपुर को लेख है कि इस विशेष सत्र के लिये उचित व्यवस्था सुनिश्चित करावें।
4. प्रभारी, नवाचार एवं कौशल विकास प्रकोष्ठ इस कार्यक्रम का समन्वय करें।
5. क्षेत्रीय सहायक निदेशक, जयपुर/अजमेर/उदयपुर/बीकानेर/कोटा/भरतपुर।
6. वैबसाइट प्रभारी को अपलोड करने हेतु।
7. रक्षित पत्रावली।

राजेन्द्र शर्मा
अतिरिक्त आयुक्त